जी.एम.एन. कालेज में किया गया धीमी गति साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं कालेज की छात्राएं।

अम्बाला, 12 सितम्बर (पंकेस): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में सोमवार को शारीरिक शिक्षा विभाग और सतत विकास लक्ष्य क्लब के द्वारा एक धीमी साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे 13 छात्राओं और 19 छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व और शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार की अगुवाई में इस आयोजन को दिशा दी गई।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कहा कि बदलती जीवन-शैली में स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम जरूरी है। तय दूरी को सर्वाधिक समय में तय कर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी श्रेणी में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा निधि द्वितीय रही और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति तृतीय रही। वहीं बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अर्पित प्रथम, बलजिंदर द्वितीय और बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र हार्दिक तृतीय रहे।